

राजकुमार राव की फिल्म 'मालिक' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मानुषी छिल्लर भी नजर आ रही हैं। आखिर कैसी है फिल्म, चलिए आपको बताते हैं।

# 'मालिक' मास्टरपीस बनने से गई चूक

प्रयागराज की गलियों से निकली एक चिंगारी जब आग बनती है, तो वो सिर्फ रास्ते नहीं जलाती, कई जिंदगियां झुलसा देती है। 'मालिक' ऐसी ही एक चिंगारी की कहानी है, जो न तो पूरी तरह अपराध की तरफ है, न ही सिस्टम से लड़ने वाली कोई महान आत्मा। यह कहानी है उस गुस्से, उस लाचारी की, जो धीरे-धीरे एक आम लड़के को 'मालिक' बना देती है।

फिल्म का सेंट्रल किरदार है दीपक, जिसे निभाया है राजकुमार राव ने। राजकुमार की परफॉर्मेंस फिल्म का सबसे ताक़तवर पक्ष है। उन्होंने अपने किरदार में जो टूटा हुआ आत्म-सम्मान, अंदर ही अंदर उबलता गुस्सा और धीरे-धीरे बढ़ती सत्ता की भूख दिखाई है, वो वाकई असर छोड़ती है। खास बात यह है कि एक ऐसा किरदार है जो हालात से मालिक बना है और शायद यही इसकी सबसे बड़ी सच्चाई है।

## अधूरी थी जो कहानी, 'मालिक' ने पूरी की?

गौर करने वाली बात यह भी है कि राजकुमार ने पहले 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ एक मजबूत रोल करने की कोशिश की थी, लेकिन बाद में उनका किरदार छोटा कर दिया गया था। शायद 'मालिक' उस अधूरे सपने की एक पूरी तस्वीर है।



## शुरुआत उम्मीद से भरी, पर फिर चूक

फिल्म की शुरुआत बहुत वादा करती है - एक डार्क, थ्रिलर की उम्मीद जगती है। इलाहाबाद की असली गलियों में फिल्माया गया हर सीन रॉ और रियल लगता है।

## बड़ी सपोर्टिंग कास्ट, लेकिन सिर्फ एक नाम याद रह जाता है

फिल्म में बाकी कलाकारों का काम ठीक-ठाक है, लेकिन कोई बहुत खास असर नहीं छोड़ता। मनुषी छिल्लर बहुत कम समय के लिए पर्दे पर आती हैं और उनके चेहरे के भाव लगभग हर सीन में एक जैसे लगते हैं। राजकुमार राव के साथ उनकी जोड़ी भी खास नहीं लगती।

## हुमा कुरैशी का आइटम नंबर

हुमा कुरैशी का एक आइटम नंबर फिल्म में है, जो सिर्फ कुछ मिनट की झलक भर है। 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' में जो राजकुमार और हुमा के बीच अच्छा तालमेल दिखा था, यहां वो बिल्कुल नहीं दिखता.. बस गाना आता है और खत्म हो जाता है।

## दूसरे हाफ में फिल्म खुद से डरने लगती है

दूसरे हाफ में फिल्म 'थ्रिल' की जगह 'ड्रामा' और 'मसाले' को पकड़ने लगती है। ऐसा लगता है जैसे मेकर्स को डर लग रहा हो कि क्या ऑडियंस एक शांत, गंभीर फिल्म को अपनाएंगे?

## डायरेक्शन ईमानदार, लेकिन स्क्रिप्ट में नयापन नहीं

पुलकित का निर्देशन यह दिखाता है कि उन्होंने फिल्म का माहौल, टोन और किरदारों की गंभीरता को अच्छी तरह समझा है। उन्होंने कैमरा, रंग और लोकेशन के ज़रिए इलाहाबाद की सच्चाई और किरदारों के भीतर के टकराव को अच्छे से पकड़ा है।

जहां बात स्क्रिप्ट यानी कहानी की आती है, वहां फिल्म कमजोर लगती है। राजनीति की चालें, पुलिस की मिलीभगत और एक आम इंसान का धीरे-धीरे गुंडों की दुनिया में शामिल होना, ये सब बातें पहले भी कई फिल्मों में देखी जा चुकी हैं। फिल्म में ऐसा कुछ नया नहीं लगता जो चौंकाए, पकड़कर रखे या कहानी को यादगार बना दे।

## A सर्टिफिकेट और राजकुमार राव की वापसी

'मालिक' को A सर्टिफिकेट मिला है, यानी यह फिल्म सिर्फ एडल्ट ऑडियंस (18 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों) के लिए है। इसमें गालियां, हिंसा और कुछ सीन ऐसे हैं जो बच्चों या परिवार के साथ देखने लायक नहीं हैं। खासकर दूसरे हिस्से में खून-खराबा और गुस्से से भरे सीन्स काफी ज़्यादा हैं।


दिलचस्प बात ये है कि राजकुमार राव की ये लगभग 7 साल बाद पहली A सर्टिफिकेट फिल्म है। अपने करियर की शुरुआत में उन्होंने कई ऐसी फिल्में की थीं जिन्हें एडल्ट सर्टिफिकेट मिला था। अब 'मालिक' के ज़रिए वो एक बार फिर उसी गंभीर और कड़वी सच्चाई वाली दुनिया में लौटे हैं।

## 'मालिक' देखे या नहीं?

'मालिक' एक गंभीर कोशिश है, जो ईमानदार है लेकिन अधूरी लगती है। राजकुमार राव ने शानदार अभिनय किया है और उनके काम को नज़रअंदाज़ करना मुश्किल है। लेकिन फिल्म के बाकी हिस्से उस स्तर तक नहीं पहुंच पाते।

## माथा-पच्ची


### शब्द पहेली - 3124



**बाएँ से दाएँ**

1. मगरमच्छ-4
3. लेखापाल-3
6. जहाँ के व्यापारी विश्व में प्रसिद्ध है-4
8. कला से लगाव रखने वाला-4
9. नरेश, राजन-2
10. राय, वोट-2
11. रक्षक, व्यवस्था व देख-रेख करने वाला-2
12. दुनिया, जगत-2
13. क्षणभर, थोड़ा समय, अल्पसमय-4
15. अथिति, पाहुना-4
17. विलास चेष्टा, हाव-भाव, नाज-अदा-3
19. उत्तर, सवाल का हल, प्रतिवाद-3
22. इरादा, मतलब, उदेश्य-4

शब्द पहेली -3123 का हल



■ जागृती दौर, बेंगलुरू

**ऊपर से नीचे**

1. राजवंश, कुल, किसी विद्या-कला के लिए प्रसिद्ध कुल-3
2. वाहनशाला-4
4. जाला, जाल शैतान की डोर, मकड़ी द्वारा बिछाया जाल-5
5. पुत्र, बालक, लड़का-3
7. समुद्र, दरिया-4
8. 'हतगक' में फेर-बदल करिये-4
10. तामाशाई, तमशागीर-5
13. वस्त्र की चौड़ाई-3
14. डरावना, भययुक्त-4
16. आशा, मन्नत, मनौति-3
18. खासिया, खुजली, सूखी घास-2

### सू-दोकू नवताल - 3124

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं. इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है.
■ आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सू-दोकू - 3123 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

■ जागृती दौर, बेंगलुरू

'आप जैसा कोई' की कहानी में है ट्विस्ट

# रास आ रही माधवन और फातिमा की एक्टिंग

आर माधवन अभिनीत 'आप जैसा कोई' आज शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। आइए जानते हैं एक्स पर यूजर्स ने फिल्म को लेकर क्या रिएक्शंस दिए।



एक्टर आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' आज 11 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। फिल्म को देखने के बाद यूजर्स एक्स पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। तो चलिए जानते हैं कि इस रोमांटिक फिल्म को यूजर्स कैसा बता रहे हैं और कितनी रेटिंग दे रहे हैं।

**नेटिंजस ने फिल्म पर दी मिली-जुली राय** - 'आप जैसा कोई' फिल्म को देखने के बाद नेटिजंस एक्स अकाउंट पर इसके रिव्यू लिख रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि ये शानदार मूवी है और इस जरूर देखें। साथ ही उन्होंने फिल्म को तीन स्टार दिए। वहीं दूसरे यूजर ने कहा कि इस फिल्म का ट्विस्ट बहुत ही खतरनाक है। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने 'आप जैसा कोई' फिल्म के गाने की तारीफ की है।

***फिल्म के बारे में*** *- आपको बता दें कि फिल्म 'आप जैसा कोई' एक रोमांटिक फिल्म है। इसमें आर माधवन और फातिमा सना शेख अहम किरदार में हैं। फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। करण जौहर इसके निर्माता हैं, जिसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।*

# यूजर्स बोले- जेम्स गन की 'सुपरमैन' 'फिल्म को देखकर आंसू आ गए'



सुपरहीरो फिल्मों के दीवानों के लिए 11 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है 'सुपरमैन'। जेम्स गन के निर्देशन में बनी ये हॉलीवुड फिल्म फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरी? सोशल मीडिया पर आई प्रतिक्रियाएं बताती हैं कि मामला कुछ मिला-जुला रहा। डेविड कोरेन्सवेट, एलन ट्युडिक, ग्रेस चान, एंजेला साराफ्यान जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। गन के निर्देशन और डीसी स्टूडियोज के बैनर तले बनी इस फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही थीं, लेकिन फिल्म रिलीज होते ही दर्शकों की राय दो हिस्सों में बंट गई।

**'मैन ऑफ स्टील' ने लूटी लाइमलाइट**- डेविड कोरेन्सवेट ने मैन ऑफ स्टील की भूमिका में कई लोगों को यकीनन इंप्रेस किया और साथ ही एलन ट्युडिक, ग्रेस चान, एंजेला साराफ्यान, माइकल रूकर, सारा सैंपायो जैसे कलाकारों की मौजूदगी ने इस फिल्म का ग्राफ और ऊंचा कर दिया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 453/लो.नि./न.पा./2025-26 तखतपुर, दिनांक 11/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | Bid Due Date |
|---|---|---|---|
| 171938 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य वार्ड क्र. 08 न.पा.प. तखतपुर (द्वितीय निविदा) | 19.98 | 28/07/2025 |
| 171907 | PROPOSED BEAUTIFICATION WORK OF "CHAUPATI" AT NAGAR PALIKA PARISHAD TAKHATPUR, DIST-BILASPUR (C.G.) (1st Call) | 92.85 | 04/08/2025 |
| 171936 | गुरूनानक मंगल भवन उन्नयन कार्य (1st Call) | 44.98 | 04/08/2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

नगर पालिका के करो का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तखतपुर

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला - सक्ती (छ.ग.)**

क्रमांक/एनएचएम/निविदा/2025 / 2275 सक्ती, दिनांक 10/07/2025

**सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति जिला सक्ती छ.ग. में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान निम्न कार्यों हेतु निविदा सूचना क्रमांक / एनएचएम / निविदा / 2025 / 1844 सक्ती, दिनांक 12/06/2025 के माध्यम से निविदा का आमंत्रण किया गया था:-

01. विविध प्रशिक्षण एवं बैठक हेतु चाय, नास्ता एवं भोजन हेतु निविदा
02. विविध प्रशिक्षण एवं बैठक हेतु हॉल एवं ठहरने के लिये कमरा हेतु निविदा
03. विविध प्रचार-प्रसार हेतु वॉल पेंटीग, फ्लेक्स प्रिंटिंग, बोर्ड प्रिंटिंग, आफसेट प्रिंटिंग, पाम्पलेट, पोस्टर, होर्डिंग (पोल सहित), माईकिंग - रिक्शा / वाहन सहित आदि की व्यवस्था एवं अन्य प्रिंटिंग कार्य हेतु निविदा
04. कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई तथा चिरायु कार्यक्रम अंतर्गत वाहन किराये पर लिये जाने हेतु निविदा

उक्त निविदा के क्रमांक 01 से 03 अपरिहार्य करणों से निरस्त किया जाता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सक्ती छ.ग.

G-252602142/2

**संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, व्यावसायिक परिसर
द्वितीय तल, सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़)
E-mail :www.sanskriti.rajbhasha@gmail.com.in, Webside: www.cgculture.in phone no: 0771-2995629(0)

क्रमांक 6599/ संस्कृति एवं राजभाषा / निविदा/2025
रायपुर, दिनांक 11/07/2025

**संशोधित निविदा संक्षिप्त सूचना**

संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा के विज्ञापन क्र 6365 / सं.रा. / निविदा 2025 दिनांक 9.06.2025 के तहत द्वारा दो वर्ष के लिए विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों/ सम्मेलनों / प्रदर्शनी / संगोष्ठियों / कार्यशालाओं में राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की भागीदारी को सुगम बनाने हेतु ऑनलाईन निविदा निविदाकर्ताओं के एम्पैनलमेंट हेतु निविदा प्रकाशित किया गया था । निविदा के शर्त क्र. 10 में L1 में 04 निविदा कर्ताओं का ही वित्तीय प्रस्ताव खोला जाना था उसमें संशोधन करते हुए विभाग द्वारा निर्णय लिया गया है कि तकनीकी मूल्यांकन में न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले सभी निविदा कर्ताओं का वित्तीय प्रस्ताव खोला जावेगा ।

संचालक
संस्कृति एवं राजभाषा

G-252602147/5

**ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा)**

चतुर्थ तल, ब्लॉक-ए. इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर 490002 (छ.ग.)
फोन एवं फैक्स नं. 0771-2511766 email-handloom raipur@gmail.com

**डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश तिथि में वृद्धि हेतु संक्षिप्त विज्ञापन**

भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा/बरगढ़ में **त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी** में प्रवेश हेतु विज्ञापन क्रमांक 252600942 दिनांक 16.05.2025 के माध्यम से विज्ञापन जारी किया गया था, जिसके लिये प्रवेश की अंतिम तिथि 30.06.2025 निर्धारित थी। निर्धारित समय अवधि में अपर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त होने के कारण उक्त पाठ्यक्रम के **प्रथम सेमेस्टर** हेतु चांपा संस्थान की 13 रिक्त सीट तथा Lateral Entry के माध्यम से सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश के लिये चांपा संस्थान की 18 रिक्त सीट एवं बरगढ़ संस्थान की 01 रिक्त सीट में प्रवेश के लिये इच्छुक अभ्यर्थियों से **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर दिनांक 31.07.2025 को सायं 5:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र वेबसाईट www.iihtchampa.org.inसे डाउनलोड कर या सीधे संस्थान में उपस्थित होकर **प्राचार्य, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, मड़वा प्लांट रोड, लछनपुर चौक, चाम्पा, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) 495669** में जमा कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालयीन समय में मो. नं. 70490-46588 पर संपर्क किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा
छत्तीसगढ़ रायपुर

G- 252602138/2

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड**
**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LIMITED**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
(CIN:U40108CT2003SGC015822)

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु अंतिम ट्रू-अप, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सकल राजस्व आवश्यकता का निर्धारण एवं विद्युत आपूर्ति की फुटकर दरों के निर्धारण हेतु याचिका छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई। जिसे याचिका क्रमांक 98/2024 के रूप में पंजीकृत किया गया। माननीय आयोग ने वर्ष 2025-26 के लिये टैरिफ आदेश दिनांक 11.07.2025 को जारी किया है। इस आदेश में वितरण कंपनी के लिए वर्ष 2025-26 में रू. 7.02 पैसे प्रति यूनिट औसत आपूर्ति दर पर रू. 25636.38 करोड़ की शुद्ध वार्षिक राजस्व आवश्यकता स्वीकृत किया गया है जिसमें ट्रूप-अप पश्चात् वर्ष 2023-24 का अतिरिक्त राजस्व रू. 3980.45 करोड़ समाहित है। इस टैरिफ आदेश में वर्ष 2025-26 के लिए निम्नदाब एवं उच्चदाब पर आपूर्ति हेतु विद्युत दरों का निर्धारण भी किया गया है जिसका सारांश नीचे तालिका में दर्शाया गया है। नई दरें दिनांक 01.07.2025 से 31.03.2026 अथवा आगामी टैरिफ आदेश के प्रभावशील होने की तिथि, जो भी बाद में हो, तक लागू रहेंगी :-

**निम्न दाब उपभोक्ताओं हेतु प्रचलित एवं वर्ष 2025-26 हेतु आयोग द्वारा अनुमोदित टैरिफ**

| | वर्तमान दरें (वर्ष 2024-25) | | | नई दरें (वर्ष 2025-26) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उपभोक्ता श्रेणी | | स्थिर प्रभार | ऊर्जा दर | | स्थिर प्रभार | ऊर्जा दर |
| LV- 1 घरेलू उपभोक्ता एवं बीपीएल उपभोक्ता | वर्ग | रूपये | रूपये प्रति यूनिट | वर्ग | रूपये | रूपये प्रति यूनिट |
| LV-1 | 0-100 | रू. 20/- प्रति कि.वा. प्रति माह 5 कि.वा. तक के सम्बद्ध भार के लिए; रु. 30/- प्रति कि.वा. प्रति माह 5 कि.वा. से 10 कि.वा. तक के सम्बद्ध भार के लिए; रु. 40/- प्रति कि.वा. प्रति माह 10 कि.वा. से अधिक के सम्बद्ध भार के लिए | 3.90 | 0-100 | रु. 20/- प्रति कि.वा. प्रति माह 5 कि.वा. तक के सम्बद्ध भार के लिए; रु. 30/- प्रति कि.वा. प्रति माह 5 कि.वा. से 10 कि.वा. तक के सम्बद्ध भार के लिए; रु. 40/- प्रति कि.वा. प्रति माह 10 कि.वा. से अधिक के सम्बद्ध भार के लिए | 4.10 |
| | 101-200 | | 4.10 | 101-200 | | 4.20 |
| | 201-400 | | 5.50 | 201-400 | | 5.60 |
| | 401-600 | | 6.50 | 401-600 | | 6.60 |
| | 601 एवं उससे अधिक | | 8.10 | 601 एवं उससे अधिक | | 8.30 |
| LV- 2 गैर घरेलू उपभोक्ता | वर्ग | मांग प्रभार | ऊर्जा दर | वर्ग | मांग प्रभार | ऊर्जा दर |
| LV-2.1 गैर घरेलू उपभोक्ता | 0-100 | रू. 50 प्रति कि.वा.प्रति माह (5 कि.वा. तक) सिंगल फेस | 6.05 | 0-100 | रू. 50 प्रति कि.वा.प्रति माह (5 कि.वा. तक) सिंगल फेस | 6.30 |
| | 101-400 | | 7.05 | 101-400 | | 7.30 |
| | 401 एवं उससे अधिक | | 8.45 | 401 एवं उससे अधिक | | 8.70 |
| LV-2.2 गैर घरेलू उपभोक्ता | 0-400 | रू.120 प्रति कि.वा. प्रति माह (15 कि.वा. तक) थ्री फेस बिलिंग डिमांड पर | 7.05 | 0-400 | रू.120 प्रति कि.वा. प्रति माह (15 कि.वा. तक) थ्री फेस बिलिंग डिमांड पर | 7.30 |
| | 401 एवं उससे अधिक | | 8.45 | 401 एवं उससे अधिक | | 8.70 |
| | मांग आधारित | रू.200 प्रति कि.वा. प्रति माह (15 कि.वा. से अधिक) थ्री फेस बिलिंग डिमांड पर | 7.75 | मांग आधारित | रू.200 प्रति कि.वा. प्रति माह (15 कि.वा. से अधिक) थ्री फेस बिलिंग डिमांड पर | 8.00 |
| LV-2.3 (इलेक्ट्रिक व्हीकल) | | | | सभी यूनिट्स | निरंक | 7.02 |
| LV-3 कृषि उपभोक्ता | - | रू.100 प्रति एच.पी. प्रति माह | 5.30 | - | रू.100 प्रति एच.पी. प्रति माह | 5.80 |
| LV- 4 निम्नदाब कृषि संबंधी अन्य कार्य | वर्ग | मांग प्रभार | ऊर्जा दर | वर्ग | मांग प्रभार | ऊर्जा दर |
| LV-4.1 (अ) कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. तक | कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. तक | रू.100 प्रति एच.पी. प्रति माह या रू.134 प्रति कि.वा. प्रति माह | 5.30 | कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. तक | रू.100 प्रति एच.पी. प्रति माह या रू.134 प्रति कि.वा. प्रति माह | 5.80 |
| LV-4.1 (ब) कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. से अधिक 150 एच.पी. तक | कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. से अधिक 150 एच.पी. तक | रू.110 प्रति एच.पी. प्रति माह या रू.147 प्रति कि.वा. प्रति माह | 6.05 | कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. से अधिक | रू.110 प्रति एच.पी. प्रति माह या रू.147 प्रति कि.वा. प्रति माह | 6.35 |
| LV-4.2 कृषि संबंधी अन्य कार्य मांग आधारित | कृषि संबंधी अन्य कार्य मांग आधारित 15 कि.वा. से 112.5 कि.वा. तक | रू.200 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 6.25 | कृषि संबंधी अन्य कार्य मांग आधारित 15 कि.वा. से अधिक | रू.200 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 6.55 |
| LV-5 निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ता | वर्ग | मांग प्रभार | ऊर्जा दर | वर्ग | मांग प्रभार | ऊर्जा दर |
| LV-5.1 औद्योगिक उपभोक्ताष | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (आटाचक्की/पावर लूम) | रू. 80 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 4.75 | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (आटाचक्की/पावर लूम) | रू. 80 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 5.05 |
| सरगुजा एवं बस्तर प्राधिकरण में आने वाले क्षेत्र हेतु | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (आटाचक्की/पावर लूम) | रू. 80 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 4.25 | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (आटाचक्की/पावर लूम) | रू. 80 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 4.55 |
| LV-5.2 अन्य उद्योग | | | | | | |
| LV-5.2.1 औद्योगिक उपभोक्ता | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक) | रू. 120 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 5.75 | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक) | रू. 120 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 6.05 |
| सरगुजा एवं बस्तर प्राधिकरण में आने वाले क्षेत्र हेतु | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक) | रू. 100 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 4.75 | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक) | रू. 100 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 5.05 |
| LV-5.2.2 औद्योगिक उपभोक्ता | 25 एच.पी से अधिक 150 एच.पी (18.7 किलोवॉट से 112.5 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक) | रू.150 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 6.50 | 25 एच.पी से अधिक (18.7 किलोवॉट) | रू.150 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 6.80 |
| सरगुजा एवं बस्तर प्राधिकरण में आने वाले क्षेत्र हेतु | 25 एच.पी से अधिक 150 एच.पी (18.7 किलोवॉट से 112.5 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक) | रू.130 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 6.00 | 25 एच.पी से अधिक (18.7 किलोवॉट) | रू.130 प्रति कि.वा. प्रति माह | 6.30 |
| LV-6 सार्वजनिक उपयोग (जल प्रदाय एवं सड़क बत्ती) | - | रू.142 प्रति एच.पी. प्रति माह अथवा रू. 190 प्रति कि.वा. प्रति माह | 6.85 | - | रू.142 प्रति एच.पी. प्रति माह अथवा रू. 190 प्रति कि.वा. प्रति माह | 7.35 |
| LV-7 सूचना प्रौद्योगिकी | सूचना प्रौद्योगिकी, निर्यात आधारित टेक्सटाईल उद्योग | रू. 150 प्रति कि.वा. प्रति माह | 5.75 | सूचना प्रौद्योगिकी, निर्यात आधारित टेक्सटाईल उद्योग | रू. 150 प्रति कि.वा. प्रति माह | 6.05 |

**उच्च दाब उपभोक्ताओं हेतु प्रचलित एवं वर्ष 2025-26 हेतु आयोग द्वारा अनुमोदित टैरिफ**

| | | वर्तमान दरें (वर्ष 2024-25) | | नई दरें (वर्ष 2025-26) | |
|---|---|---|---|---|---|
| उपभोक्ता श्रेणी | | मांग प्रभार (रूपये प्रति केवीए प्रति माह) | ऊर्जा प्रभार (रूपये प्रति kVAh) | मांग प्रभार (रूपये प्रति केवीए प्रति माह) | ऊर्जा प्रभार (रूपये प्रति kVAh) |
| HV-1 | Railway Traction on 132 kV/220 kV | 375 | 5.25 | 375 | 5.55 |
| HV-2 | Mines | | | | |
| | 220 KV | 500 | 6.85 | 500 | 6.95 |
| | 132 KV | 500 | 7.00 | 500 | 7.10 |
| | 33 KV | 500 | 7.25 | 500 | 7.50 |
| | 11 KV | 500 | 7.55 | 500 | 7.80 |
| HV-3 | Other Industry & General Purpose Non-Industrial | | | | |
| | 220 KV | 375 | 6.55 | 375 | 6.65 |
| | 132 KV | 375 | 6.70 | 375 | 6.80 |
| | 33 KV (Load factor >15%) | 375 | 6.95 | 375 | 7.20 |
| | 33 KV (Load factor <=15%)# | 190 | 7.15 | 190 | 7.40 |
| | 11 KV (Load factor >15%) | 375 | 7.35 | 375 | 7.60 |
| | 11 KV (Load factor <=15%)# | 190 | 7.65 | 190 | 7.90 |
| HV-4 | Steel Industries | | | | |
| | 220 KV | 375 | 5.95 | 375 | 6.10 |
| | 132 KV | 375 | 6.10 | 375 | 6.25 |
| | 33 KV (Load factor>15%) | 375 | 6.35 | 375 | 6.65 |
| | 33 KV (Load factor<=15%) | 190 | 6.85 | 190 | 7.15 |
| | 11 KV (Load factor >15%) | 375 | 6.45 | 375 | 6.75 |
| | 11 KV (Load factor <=15%) | 190 | 7.25 | 190 | 7.55 |
| HV-5 | Irrigation, Agriculture, Allied Activities & Public water Works | 375 | 6.35 | 375 | 6.60 |
| HV-6 | Residential | 375 | 6.55 | 375 | 6.80 |
| HV-7 | Start up Power Tariff 400/220/132/33/11 kV | 200 | 8.85 | 200 | 9.10 |
| HV-8 | Industries related to manufacturing of equipment for power generation from renewable energy sources 220/132/33/11 kV | 130 | 4.65 | 130 | 4.95 |
| HV-9 | Information Technology Industries and export oriented Textile Industries | 150.00 | 4.75 | 150 | 5.05 |
| HV-11 | Electric Vehicle Charging Stations | | | NIL | 6.32 |